

# आओ, अच्छे पड़ोसी बनें: सुरक्षित घरों और कम्युनिटी के लिए एक गाइड

COMMUNITY SAFETY & WELL-BEING

BRAMPTON

Hindi



## परिचय

आओ, अच्छे पड़ोसी बनें: सुरक्षित घरों और कम्युनिटी के लिए एक गाइड (Hello Neighbour: A Guide to Safer Homes and Community), ब्रैम्पटन को एक सुरक्षित और अधिक जुड़ा हुआ शहर बनाने में मदद करते हुए, आपके घर और प्रॉपर्टी की सुरक्षा के लिए प्रेक्टिकल सुझाव प्रदान करती है। इस गाइड में दिए गए विचार, क्राइम प्रीवेंशन थ्रू एन्वायरनमेंटल डिजाइन (सी.पी.टी.ई.डी.) (Crime Prevention Through Environmental Design) (CPTED) के पहली और दूसरी पीढ़ी के सिद्धांतों से प्रेरित हैं, जो इस बात पर जोर देते हैं कि कैसे अच्छी तरह से डिज़ाइन किए हुए और अच्छी तरह से रखरखाव वाले स्थान, एक सक्रिय और आपसी तौर पर जुड़ी हुई कम्युनिटी के साथ मिलकर, अपराध को रोकने और सुरक्षा व भलाई को बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं।

सुरक्षा रोजाना के साधारण कामों से शुरू होती है, जैसे कि अपने घर की सुरक्षा में सुधार करना, साझा स्थानों की संभाल करना और अपने आस-पास के लोगों का हालचाल पूछना। जब निवासी अपने आस-पड़ोस में गर्व और जुड़ाव की भावना महसूस करते हैं, तो यह हर किसी के लिए अधिक स्वागत योग्य, सुरक्षित और आपसी तौर पर जुड़ा हुआ माहौल बनाने में मदद करती है।

यह गाइड ब्रैम्पटन शहर के कम्युनिटी सेफ्टी एक्शन प्लान (Community Safety Action Plan) का हिस्सा है। यह सामाजिक विकास और रोकथाम को प्राथमिकता देने वाले दृष्टिकोण का समर्थन करता है, जो ओन्टैरियो के कम्युनिटी सेफ्टी एंड वेल-बीइंग फ्रेमवर्क (Community Safety and Well-Being Framework) के अनुरूप है, और निवासियों को प्रॉपर्टी-संबंधी अपराधों से निपटने तथा अधिक मजबूत, लचीले और आपसी तौर पर जुड़े हुए समुदाय बनाने के लिए जरूरी साधन और जानकारी प्रदान करना है।

## उद्देश्य

कम्युनिटी सुरक्षा हमारे भौतिक परिवेश और हमारे द्वारा बनाए गए रिश्तों, दोनों से बेहतर होती है। यह गाइड आपकी मदद करने के लिए प्रेक्टिकल सुझाव और विचार प्रदान करती है:

- अपने घर और प्रॉपर्टी की सुरक्षा को मजबूत करें।
- अपने पड़ोसियों के साथ रिश्ते बनाएँ।
- पब्लिक स्थानों के नियमित और सकारात्मक उपयोग को प्रोत्साहित करें।
- साझा जिम्मेदारी और कम्युनिटी गर्व की भावना में योगदान दें।
- संभाल, जुड़ाव और दैनिक कार्यों के माध्यम से एक सुरक्षित और अधिक जीवंत आस-पड़ोस का समर्थन करें।

चाहे आप मकान मालिक हों, किरायेदार हों, प्रॉपर्टी मैनेजर हों या कम्युनिटी लीडर हों, यह गाइड आपके आस-आस-पड़ोस में सुरक्षा और संबंधों को मजबूत करने में मदद करने के लिए, प्रेक्टिकल तरीके प्रदान करती है।

*पील रीजनल पुलिस (Peel Regional Police) को ब्रैम्पटन शहर के नए अपराध रोकथाम संसाधन, 'आओ, अच्छे पड़ोसी बनें: सुरक्षित घरों और समुदाय के लिए एक गाइड (Hello Neighbour: A Guide to Safer Homes and Community)' का समर्थन करने पर गर्व है। यह गाइड निवासियों को, अपने घरों की सुरक्षा करने और सामुदायिक सुरक्षा को मजबूत करने में मदद करने के लिए, व्यावहारिक रणनीतियाँ और जानकारी प्रदान करती है।*

*हम उनकी सक्रिय पहल और निवासियों को उनके घरों, प्रॉपर्टीज और आस-पड़ोस की रक्षा के लिए स्पष्ट, प्रेक्टिकल तरीके प्रदान करने के लिए, ब्रैम्पटन शहर की सराहना करते हैं। अपराध रोकथाम तब सबसे प्रभावी होती है, जब इसमें समुदायों, लॉ एन्फोर्समेंट और म्युनिसिपल भागीदारों के बीच सहयोग शामिल होता है, और यह पहल उन साझेदारियों के सक्रिय होने की एक मिसाल है।*

*हम सभी निवासियों को इस गाइड को पढ़ने, इसकी रणनीतियों को अपनाने, और सुरक्षित, अधिक स्थिर समुदायों के निर्माण में, हमारे साथ जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।*

*पील रीजनल पुलिस*



# आस-पड़ोस की सुरक्षा में साथ देने के लिए, आपका घर और कम्युनिटी कैसे इकट्ठे मिलकर कैसे काम करते हैं

अपने घर और आस-पड़ोस को अधिक सुरक्षित बनाने के कई तरीके हैं। कुछ रणनीतियाँ आपकी प्रॉपर्टी में छोटे भौतिक बदलावों पर ध्यान केंद्रित करती हैं, जबकि अन्य संबंध बनाने, साझा स्थानों की देखभाल करने और जुड़ाव व अपनेपन की भावना को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर देती हैं।

यह गाइड इन दो दृष्टिकोणों आधारित है: अपने घर और आसपास के वातावरण में प्रेक्टिकल सुधार करना और अपने आस-पास के लोगों के साथ रिश्तों को मजबूत करना। ये तरीके मिलकर अपराध के अवसरों को कम करने, आपके आस-पड़ोस में गर्व और देखभाल को बढ़ावा देने और सभी के लिए एक अधिक स्वागत योग्य माहौल बनाने में मदद कर सकते हैं।

नीचे उन प्रमुख विषयों का सारांश दिया गया है, जिन्हें आप पूरी गाइड में देखेंगे, साथ ही उदाहरण दिए गए हैं कि इन्हें रोजाना जीवन में कैसे लागू किया जा सकता है:

| यह किस बारे में है | इसका क्या मतलब है | इसे व्यवहार में कैसे लाएं |
|---|---|---|
| देखें और दिखाई दें | सभी दिखने वाले रास्तों को साफ रखें, वहां सही रोशनी का प्रबंध करें और उन ज्यादा उगे हुए पौधों को काट दें, ताकि कोई उनकी आड़ में छिप न सके। | आप अधिक बढ़े हुए पेड़ों और झाड़ियों की छंटाई करके और दरवाज़ों व रास्तों के आसपास रोशनी लगाकर उनको बेहतर बना सकते हैं, ताकि वो दूर से नजर आएं। |
| साफ़ रास्ते और सीमाएं | बिना अनुमति के लोग आपके घर या यार्ड में कैसे और कहाँ प्रवेश कर सकते हैं, इस पर सीमाएँ निर्धारित करें। | अपनी प्रॉपर्टी की हदों को बाड़, झाड़ियों या रास्तों से चिन्हित करें। प्रवेश द्वारों को दिखाई देने वाला और अच्छी रोशनी वाला रखें और संभावित घुसपैठियों को रोकने के लिए झाड़ियों जैसी कुदरती रुकावटों का उपयोग करें। |
| दिखाएँ कि आप परवाह करते हैं | एक साफ-सुथरी, अच्छी तरह से संभाली हुई प्रॉपर्टी यह संदेश देती है कि लोग ध्यान दे रहे हैं, जो अवांछित गतिविधि को रोक सकता है। | बाहरी क्षेत्रों को साफ-सुथरा रखें, टूल्स और कीमती सामान को सुरक्षित रूप से स्टोर करें और समस्याओं को तुरंत ठीक करें। |
| इकट्ठे मिलकर मजबूत बनें | जब लोग साझा स्थानों में एक साथ आते हैं, तो इससे स्वागत और कम्युनिटी की भावना पैदा होती है। | पड़ोसियों को एक साथ लाने और एक जुड़ी हुई कम्युनिटी बनाने के लिए, सफाई अभियान, पॉटलक या स्ट्रीट पार्टियों जैसे कार्यक्रम आयोजित करें। |
| संतुलन बनाए रखना | ऐसी जगहें, जहाँ लोग इकट्ठा होते हैं और स्वागत महसूस करते हैं, वे जुड़ाव और सुरक्षा की भावना को मजबूत करने में मदद करती हैं। | पार्कों, पैदल चलने वाले रास्तों और इकट्ठे होने वाली जगहों पर अकसर आना-जाना करें और आवश्यकता पड़ने पर सुधार का सुझाव दें। |
| जुड़े रहें | एक-दूसरे को जानने वाले पड़ोसी, एक-दूसरे का ख्याल रखने की अधिक संभावना रखते हैं। | अपने पड़ोसियों को जानें, संपर्क जानकारी का आदान-प्रदान करें या किसी लोकल ग्रुप या नेटवर्क में शामिल हों। |
| कम्युनिटी का जश्न मनाएँ | एक आस-पड़ोस में जुड़ाव की मजबूत भावना, लोगों को इसकी देखभाल और सुरक्षा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित करती है। | कला, कहानी कहने, कार्यक्रमों या लोकल इतिहास द्वारा, अपनी कम्युनिटी की पहचान का जश्न मनाएँ। |



# भाग 1: अपने घर और प्रॉपर्टी की सुरक्षा

यह भाग आपके घर और प्रॉपर्टी को सुरक्षित रखने में मदद करने के लिए, सरल, प्रेक्टिकल सुझाव प्रदान करता है।

चाहे आप मकान, टाउनहाउस, अपार्टमेंट या कोंडोमिनियम में रहते हों, रोजाना के छोटे-छोटे कदम आपके और आपके पड़ोसियों के लिए एक सुरक्षित माहौल बनाने में बड़ा अंतर ला सकते हैं।

हालांकि ये सुझाव सुरक्षा बढ़ाने के लिए हैं, इन्हें लागू करने से अपराध या प्रॉपर्टी के नुकसान की पूरी तरह से रोकथाम की गारंटी नहीं मिलती। हर व्यक्ति को चाहिए कि वह अपने हालातों के अनुसार जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त उपाय करे।

## देखें और दिखाई दें

अच्छी रोशनी और दिखने वाले रास्ते साफ होने से यह देखना आसान हो जाता है कि आपकी प्रॉपर्टी के आसपास क्या हो रहा है। आपकी प्रॉपर्टी अच्छी तरह रोशन होती है तो मुश्किल है कि कोई आपसे छिपकर उसमें प्रवेश कर सके।

**आप इसे कैसे लागू कर सकते हैं:**

- प्रवेश द्वारों के पास झाड़ियों और पेड़ों की छंटाई करें।
- अपने घर के चारों ओर मोशन-सेंसर या टाइमर वाली लाइटें लगाएं।
- सुनिश्चित करें कि आपका पता स्ट्रीट से दिखाई दे।
- टूटी हुई स्ट्रीटलाइटें या साझा क्षेत्र में रोशनी न होने की रिपोर्ट करें।

| **खुद चेक करें:** | हाँ | नहीं |
|---|---|---|
| क्या झाड़ियों और पेड़ों की छंटाई की गई है ताकि वे छिपने की जगह न बनें? | ☐ | ☐ |
| क्या प्रवेश द्वार और पैदल रास्ते रात में अच्छी तरह से रोशन रहते हैं? | ☐ | ☐ |
| क्या आपका घर या यूनिट नंबर स्ट्रीट से स्पष्ट रूप से दिखाई देता है? | ☐ | ☐ |
| क्या साझा या बाहरी लाइटें ठीक काम कर रही हैं? | ☐ | ☐ |

## साफ रास्ते और सीमाएं

लोगों के आपके घर में प्रवेश करने के तरीकों को नियंत्रित करना, घर में चोरी की संभावनाओं को कम करने के लिए बहुत जरूरी है। दरवाज़े, खिड़कियाँ और अन्य प्रवेश करने के रास्तों को सुरक्षित करें ताकि वे लोग ही अंदर आ सकें, जिनको आपने बुलाया हो।

**आप इसे कैसे लागू कर सकते हैं:**

- सभी दरवाज़ों और खिड़कियों पर ताले लगाएँ और नियमित रूप से उनको चेक करें।
- गैरेज, शेड और अन्य प्रवेश करने वाले रास्तों को सुरक्षित करें।
- अतिरिक्त चाबियाँ सुरक्षित स्थान पर रखें (चटाई या गमले के नीचे नहीं)।
- अपना कीमती सामान सभी प्रवेश करने वाले रास्तों से दूर रखें।
- बिना चाबी वाले एंट्री लॉक का पासकोड, केवल उन लोगों के साथ साझा करें, जिन पर आप भरोसा करते हैं।

| **खुद चेक करें:** | हाँ | नहीं |
|---|---|---|
| क्या सभी दरवाज़े और खिड़कियाँ काम करने वाले तालों से सुरक्षित हैं? | ☐ | ☐ |
| क्या गैरेज के दरवाज़े और गेट उपयोग में न होने पर बंद रहते हैं? | ☐ | ☐ |
| क्या अतिरिक्त चाबियाँ सुरक्षित स्थान पर रखी गई हैं (चटाई, गमलों या किनारों के नीचे नहीं)? | ☐ | ☐ |
| क्या आपका वाहन लॉक है और कीमती सामान नजरों से दूर है? | ☐ | ☐ |

## परवाह दिखाएँ

एक ऐसा घर जो संभला हुआ दिखता है, यह दर्शाता है कि लोग मौजूद हैं और सक्रिय हैं। यह अपराध को रोक सकता है क्योंकि इससे यह स्पष्ट संदेश जाता है कि उस प्रॉपर्टी पर नजर रखी जाती है और उसकी कद्र की जाती है।

**आप इसे कैसे लागू कर सकते हैं:**

- अपनी प्रॉपर्टी को साफ-सुथरा रखें और अच्छी तरह से रखरखाव करें।
- "कैमरे चालू हैं" जैसे संकेत या अन्य निवारक उपाय करें।
- बाड़, गेट या पेटियो का रखरखाव करें।
- आस-पड़ोस के सफ़ाई अभियानों में शामिल हों।

| **खुद चेक करें:** | हाँ | नहीं |
|---|---|---|
| क्या आपका घर या यूनिट ऐसी दिखती है कि उसमें कोई रहता है और उसकी देखभाल करता है? | ☐ | ☐ |
| क्या आपकी प्रॉपर्टी साफ-सुथरी और कोई सामान बिखरा हुआ नहीं है? | ☐ | ☐ |
| क्या साइन बोर्ड लगाए हैं या अन्य दिखाई देने वाले रोकथाम के उपाय किए गए हैं? | ☐ | ☐ |
| क्या बाड़ें, द्वार या मार्ग अच्छी स्थिति में हैं? | ☐ | ☐ |
| क्या आप साझा स्थानों को स्वच्छ रखने में भाग लेते हैं? | ☐ | ☐ |

अपना घर और प्रॉपर्टी सुरक्षित करना, अपराध रोकथाम में एक महत्वपूर्ण कदम है, लेकिन सुरक्षा केवल व्यक्तिगत घरों तक सीमित नहीं रहती। एक सुरक्षित आस-पड़ोस वह है, जहाँ निवासी एक-दूसरे का ख्याल रखते हैं, स्थानीय मुद्दों पर मिलकर काम करते हैं और कम्युनिटी की एक मजबूत भावना रखते हैं।

आस-पड़ोस के संबंधों को मजबूत करना और सामाजिक जुड़ाव को बढ़ाना अपराध को रोक सकता है, सुरक्षित साझा स्थान बना सकता है और देखभाल और जिम्मेदारी की संस्कृति को बढ़ावा दे सकता है।

# भाग 2: आस-पड़ोस की सुरक्षा को मजबूत करना

कम्युनिटी की भागीदारी मजबूत, स्थिर और जीवंत पड़ोसों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सुरक्षा के लिए एक समग्र दृष्टिकोण में न केवल अपराध रोकथाम बल्कि रिश्तों को मजबूत करना, साझा पहचान की भावना का निर्माण, जुड़े रहना और एक-दूसरे का ख्याल रखना भी शामिल है।

## एक साथ मजबूत बनें

जब पड़ोसी एकत्रित होते हैं और अपने-अपने अनुभव साझा करते हैं, तो इससे जुड़ाव और विश्वास की भावना पैदा होती है। कम्युनिटी गतिविधियाँ लोगों को स्वागत योग्य महसूस कराती हैं और पब्लिक स्थानों के प्रति अपनापन और साझा जिम्मेदारी की भावना पैदा करती हैं।

**आप इसे कैसे लागू कर सकते हैं:**

- स्ट्रीट पार्टी, बारबेक्यू या सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन करें।
- कम्युनिटी सफाई या सौंदर्यीकरण प्रोजेक्ट की योजना बनाएँ।
- आउटडोर मूवी नाइट या कौशल-साझा करने की वर्कशॉप की मेजबानी करें।

| **खुद चेक करें:** | हाँ | नहीं |
|---|---|---|
| क्या आपने हाल ही में अपने आस-पड़ोस में किसी कम्युनिटी गतिविधि में भाग लिया है या उसका आयोजन किया है? | ☐ | ☐ |
| क्या आपके क्षेत्र में साझा स्थान हैं, जिनका उपयोग इकट्ठ के लिए किया जा सकता है? | ☐ | ☐ |
| क्या आपने कभी पड़ोसियों को किसी कम्युनिटी कार्यक्रम या इकट्ठ में आमंत्रित किया है? | ☐ | ☐ |
| क्या आपके पास आस-पड़ोस के साथ अपडेट साझा करने के लिए, कोई सोशल मीडिया ग्रुप या पेज है? | ☐ | ☐ |

## संतुलन बनाए रखना

पब्लिक स्थान, जो सुरक्षित, सक्रिय और स्वागत योग्य महसूस होते हैं, लोग उनमें समय बिताने में सहज महसूस करते हैं। इससे आपके आस-पड़ोस में सुरक्षा और जुड़ाव की भावना मजबूत होती है।

**आप इसे कैसे लागू कर सकते हैं:**

- पार्कों, ट्रेल्स और इकट्ठे होने वाली जगहों का अक्सर उपयोग करें।
- अपने शहर या लोकल ग्रुप के साथ विचार साझा करें ताकि कम उपयोग वाले क्षेत्रों को बेहतर बनाया जा सके।
- समुदायिक स्थानों का सकारात्मक उपयोग प्रोत्साहित करें ताकि वे सक्रिय और आकर्षक बने रहें।
- टूटी हुई स्ट्रीटलाइट जैसी किसी भी समस्या की 311 पर रिपोर्ट करें।

| **खुद चेक करें:** | हाँ | नहीं |
|---|---|---|
| क्या आपके पास में कोई साझा स्थान हैं, जो स्वागत योग्य और सुरक्षित महसूस होते हैं? | ☐ | ☐ |
| क्या आपका आस-पड़ोस इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि लोग इकट्ठा होने के लिए प्रोत्साहित हों? | ☐ | ☐ |
| क्या आपके पास लोकल स्थानों को और अधिक स्वागत योग्य बनाने के लिए कोई सुझाव हैं? | ☐ | ☐ |

## जुड़े रहें

जानकारी साझा करने और एक-दूसरे का ध्यान रखने से एक जुड़े हुए और मजबूत कम्युनिटी का निर्माण होता है। यह सभी को सुरक्षित रखने में मदद करता है और अपनेपन की भावना को बढ़ाता है। प्रभावशाली बातचीत अपराध को रोकने में मदद करती है और आपकी कम्युनिटी में विश्वास पैदा करती है।

**आप इसे कैसे लागू कर सकते हैं:**

- अपने पड़ोसियों से मिलें, एक साधारण हेलो से शुरुआत करें।
- पड़ोसियों के लिए व्हाट्सएप (WhatsApp) या कोई अन्य सोशल मीडिया ग्रुप शुरू करें।
- नेबरहुड एसोसिएशन में शामिल हों या इसकी शुरूआत करें।
- सुरक्षा संबंधी चिंताओं या संदिग्ध गतिविधि के बारे में, अपने पड़ोसियों या स्थानीय अधिकारियों के साथ जानकारी साझा करें।
- ब्रैम्पटन शहर के कम्युनिटी सेफ्टी एंड वेल-बीइंग ऑफिस (Community Safety and Well-Being Office) जैसे लोकल संगठनों से जुड़ें।

| **खुद चेक करें:** | हाँ | नहीं |
|---|---|---|
| क्या आप ताजा लोकल सुरक्षा जानकारी लेते रहते हैं? | ☐ | ☐ |
| क्या आप अपने आस-पड़ोस में किसी कम्युनिटी ग्रुपों या नेटवर्कों से जुड़े हैं? | ☐ | ☐ |
| क्या आप जानते हैं कि संदिग्ध गतिविधि की रिपोर्ट कैसे करनी है या स्थानीय सेवाओं से सहायता कैसे लेनी है? | ☐ | ☐ |
| क्या आप अपने निकटतम पड़ोसियों के नाम और पते जानते हैं? | ☐ | ☐ |
| क्या आपके पास आवश्यकता पड़ने पर अपने पड़ोसियों से जल्दी संपर्क करने का कोई तरीका है? | ☐ | ☐ |

## कम्युनिटी का जश्न मनाएँ

एक ऐसा आस-पड़ोस, जो अनोखा और सार्थक महसूस होता है, लोगों को उसकी देखभाल करने के लिए प्रेरित करता है। साझा की गई कहानियाँ, कला और संस्कृति लोगों को एक साथ लाती हैं और उन्हें अपने रहने की जगह पर गर्व महसूस कराती हैं।

**आप इसे कैसे लागू कर सकते हैं:**

- पब्लिक कला या सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ अपने आस-पड़ोस की पहचान का जश्न मनाएँ।
- ऐसी कहानियाँ या इतिहास साझा करें, जो लोगों को उस स्थान से जोड़ें।
- ऐसे प्रोजेक्ट्स का समर्थन करें, जो आपकी कम्युनिटी की खूबियों को उजागर करते हैं।

| **खुद चेक करें:** | हाँ | नहीं |
|---|---|---|
| क्या आपको अपने आस-पड़ोस पर गर्व महसूस होता है? | ☐ | ☐ |
| क्या आपकी कम्युनिटी में अपनी संस्कृति या इतिहास का जश्न मनाने के तरीके हैं? | ☐ | ☐ |
| क्या आप इस पहचान की भावना को बनाने या मजबूत करने में मदद करना चाहेंगे? | ☐ | ☐ |

एक सुरक्षित और जुड़े हुए आस-पड़ोस का हिस्सा होने का मतलब यह भी है कि आप अपने आस-पास हो रही गतिविधियों के प्रति सतर्क रहें। संदिग्ध गतिविधि को पहचानने और उसकी रिपोर्ट करने का तरीका जानना, आपकी कम्युनिटी की सुरक्षा में मदद करने का एक और तरीका है।

## अपार्टमेंट और कॉन्डो की सुरक्षा संबंधी सुझाव

**जिम्मेदारियाँ:**

- किराये की बिल्डिंगों में, सुरक्षा आमतौर पर बिल्डिंग मैनेजर द्वारा संभाली जाती है।
- कॉन्डो में, आप अपनी यूनिट के लिए जिम्मेदार होते हैं, जबकि कॉन्डो कॉर्पोरेशन सामान्य क्षेत्रों का प्रबंधन करती है।

**आप क्या कर सकते हैं:**

- अपनी बिल्डिंग की सुरक्षा सुविधाओं को जानें।
- अपने पड़ोसियों को जानें! इससे एक सुरक्षित कम्युनिटी बनाने में मदद मिलती है।
- जब भी आप बाहर हों, अपने दरवाज़े और बालकनी को हमेशा ताला लगाएं।
- केवल उन लोगों को ही इमारत में आने दें, जिन्हें आप जानते हैं। मेहमानों को याद दिलाएं कि वे अपने पीछे दरवाज़े बंद करें।

**नीचे दिए कामों द्वारा अपनी बिल्डिंग को सुरक्षित रखें:**

- सुरक्षा संबंधी किसी भी मुद्दे की अपने प्रबंधक या मकान मालिक को सूचना देना।
- टूटे ताले, खिड़कियाँ या लाइटों के बारे में सूचित करना।
- यदि आप घर से दूर होंगे या काम करवा रहे हैं, तो पड़ोसियों या प्रबंधन को बताना।

**लिफ्ट संबंधी सुरक्षा:**

- अंदर जाने से पहले देखें कि अंदर कौन है।
- यदि कोई आपको असहज महसूस कराता है, तो अगली लिफ्ट का इंतज़ार करें।
- यदि आपके बाद कोई संदिग्ध व्यक्ति प्रवेश करता है, तो दरवाज़े बंद होने से पहले बाहर निकल जाएँ।

## किस बात का ध्यान रखना है: संदिग्ध गतिविधि की रिपोर्ट करना

कम्युनिटी को सुरक्षित रखने में हर कोई भूमिका निभा सकता है। यदि आपको कुछ ऐसा दिखाई दे, जो ठीक न लगे, तो अपने मन की सुनें और उसकी रिपोर्ट करें।

**संदिग्ध गतिविधि के उदाहरण:**

- अनजान वाहन, जो लंबे समय तक खड़े रहते हैं या आपके आस-पड़ोस में लगातार घूमते रहते हैं।
- आपके या पड़ोसी की प्रॉपर्टी में, विशेषकर दरवाज़ों या खिड़कियों के पास घुसने का प्रयास करते हुए अज्ञात व्यक्ति ।
- पहचान पत्र के बिना घर-घर जाकर बिक्री करने वाले।
- अन्जान व्यक्तियों का पड़ोसी के घर से सामान लेकर जाना।
- तेज़ धमाके या काँच टूटने की आवाज़।
- चीखें या मदद के लिए पुकारने की आवाजें।
- कार के पुर्जों, गैस टैंक या लाइसेंस प्लेट्स के साथ छेड़छाड़।

**क्या करें:**

- यदि सुरक्षित हो, तो लाइसेंस प्लेट नंबर या विवरण लिख लें।
- किसी का भी सीधे सामना न करें।
- संदिग्ध गतिविधि की रिपोर्ट करने के लिए पील रीजनल पुलिस (Peel Regional Police) की गैर-आपातकालीन लाइन 905.453.3311 पर कॉल करें।
- जानकारी साझा करने के लिए अपने आस-पड़ोस का एक सोशल मीडिया ग्रुप या पेज बनाएँ। यदि आप आस-पड़ोस के सोशल मीडिया ग्रुप बना रहे हैं या उनमें शामिल हो रहे हैं, तो अपनी गोपनीयता का ध्यान रखें और बिना अनुमति के व्यक्तिगत या संवेदनशील जानकारी साझा करने से बचें।

आपके आस-पड़ोस के बारे में आपसे बेहतर कोई नहीं जानता। आपकी कॉल में ऐसी कोई महत्वपूर्ण जानकारी हो सकती है, जो किसी अपराध को रोकने या सुलझाने में मदद कर सकती है। यदि संदेह हो, तो पुलिस को कॉल करें।

यदि आपको पक्का पता नहीं है कि किसी चिंता पर कैसे प्रतिक्रिया दें या लोकल सुरक्षा प्रयासों में अधिक शामिल होना चाहते हैं, तो कई तरह की सहायता उपलब्ध है। अगला भाग ब्रैम्पटन में अपराध रोकथाम, सुरक्षा संबंधी शिक्षा और कम्युनिटी भागीदारी में निवासियों की सहायता के लिए उपलब्ध कुछ संसाधनों का सार प्रस्तुत करता है।

## कम्युनिटी संसाधन

### क्राइम प्रीवेंशन अकैडमी (Crime Prevention Academy)
क्राइम प्रीवेंशन अकैडमी पील रीजनल पुलिस द्वारा प्रदान किया जाने वाला एक पाँच-सप्ताह का कोर्स है, जिससे निवासी अपराध रोकथाम, वाहन सुरक्षा, घर की सुरक्षा, व्यक्तिगत सुरक्षा और धोखाधड़ी की रोकथाम की मूल बातें सीख सकते हैं। अतिरिक्त जानकारी के लिए, www.peelpolice.ca पर जाएँ।

### आवासीय सुरक्षा ऑडिट (Residential Security Audits)
पील रीजनल पुलिस के माध्यम से आवासीय सुरक्षा ऑडिट उपलब्ध हैं। ऑडिट का समय तय करने के लिए, अपने लोकल कम्युनिटी लाइजन अफसर (Community Liaison Officer) से संपर्क करें। इस पर अधिक जानकारी के लिए, www.peelpolice.ca पर जाएँ।

### ट्रेस प्रोग्राम (TRACE Program)
ट्रेस प्रोग्राम को ओन्टैरियो एसोसिएशन ऑफ चीफ़्स ऑफ़ पुलिस (ओ.ए.सी.पी.) (Ontario Association of Chiefs of Police) (OACP) द्वारा समर्थन प्राप्त है। व्यक्ति अपनी प्रॉपर्टी को चिन्हित करने के लिए लोकल रिटेलर से या ऑनलाइन TRACE पेन खरीद सकते हैं।

### नेबरहुड टूल्स (Neighbourhood Tools)
नेबरहुड एसोसिएशन्स: नेबरहुड एसोसिएशन्स, निवसियों के नेतृत्व वाले समूह होते हैं, जो अपनी कम्युनिटी को बेहतर बनाने के लिए लोगों को एक साथ लाते हैं। एक एफिलिएटेड नेबरहुड एसोसिएशन बनकर, आपका ग्रुप ब्रैम्पटन शहर से सहायता प्राप्त कर सकता है।

नेबरहुड सेफ्टी ऑडिट (Neighbourhood Safety Audits): नेबरहुड ऑडिट निवासियों को अपनी कम्युनिटी के विभिन्न पहलुओं और क्षेत्र की समग्र खूबसूरती और माहौल का पता लगाने तथा मूल्यांकन करने का एक तरीका हैं। सुरक्षा ऑडिट लोकल चुनौतियों और अवसरों की पहचान करने में मदद करते हैं और कम्युनिटी के नेतृत्व वाले समाधानों के लिए नए विचार पैदा करते हैं। ऑडिट में भाग लेना विभिन्न विचारों को एक साथ लाता है और आपके आस-पड़ोस में स्वामित्व की भावना को मजबूत करता है।

एसेट मैपिंग (Asset Mapping) (जियोहब नेबरहुड प्रोफाइल्स): 2023 में लॉन्च की गई, ब्रैम्पटन का जियोहब नेबरहुड प्रोफाल्स (GeoHub Neighbourhood Profiles), एक ऑनलाइन टूल है, जो निवासियों को अपने आस-पड़ोस की अनूठी विशेषताओं और ताकतों का पता लगाने देता है। आप लोकल पार्क, स्कूल, कम्युनिटी स्थान और भी बहुत कुछ, सब एक ही जगह पर पा सकते हैं। एसेट मैपिंग लोगों को अपने आसपास उपलब्ध संसाधनों के बारे में जानने और सुरक्षा और भलाई को बेहतर बनाने में शामिल होने के तरीके खोजने में मदद करती है।

इन पहलकदमियों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, brampton.ca/communitysafety पर जाएँ।

### रिपोर्टिंग
पील रीजनल पुलिस गैर-आपातकालीन लाइन (905.453.3311): इस नंबर का उपयोग उन गैर-आपातकालीन मुद्दों की रिपोर्ट करने के लिए करें, जिनके लिए फिर भी पुलिस फॉलो-अप की आवश्यकता हो सकती है।

311 पर कॉल करें या संपर्क करें: गैर-पुलिस संबंधी मुद्दों उन की रिपोर्ट करने के लिए, 311 पर कॉल करें, जो आस-पड़ोस की सुरक्षा या रखरखाव को प्रभावित कर सकते हैं, जैसे टूटी हुई स्ट्रीट लाइटें या ट्रैफ़िक सिग्नल, खराब या गायब साइन बोर्ड, कचरा या अवैध डम्पिंग और असुरक्षित फुटपाथ, पार्क या पब्लिक स्थान।

### आपातकालीन स्थितियाँ
यदि कोई अपराध हो रहा हो या व्यक्तियों या प्रॉपर्टी की सुरक्षा के लिए तत्काल खतरा हो, तो 911 पर कॉल करें। यदि आप अपने घर पर पहुंचें और आपको शक है कि कोई अपराधी अंदर आया है, तो अंदर न जाएं क्योंकि अपराधी अभी भी अंदर हो सकता है। बाहर ही रहें और तुरंत 911 पर कॉल करें।

जब निवासी घर पर नहीं होते हैं, तो घर में सेंधमारी की संभावना अधिक होती है। जब कोई दरवाजा खटखटाए और आप उस व्यक्ति को पहचानते नहीं हैं, तो ताले लगे दरवाजे से ही उससे बात करें। यदि आपने दरवाजे पर कैमरा लगाया हुआ है, तो यह न कहें कि आप घर पर नहीं हैं।

### क्राइम स्टॉपर्स (Crime Stoppers)
क्राइम स्टॉपर्स जनता, पुलिस और मीडिया के बीच एक साझेदारी है, जो कम्युनिटी को अपराधों को सुलझाने में गुमनाम रूप से सहायता करने के लिए एक सक्रिय कार्यक्रम प्रदान करती है। क्राइम स्टॉपर्स नागरिकों के लिए जानकारी सुरक्षित रूप से साझा करने का एक प्रभावी साधन है। दिन हो या रात, किसी भी समय 1.800.222.TIPS (8477) पर कॉल करें, या www.peelcrimestoppers.ca पर ऑनलाइन सूचना दें। हालांकि सूचनाएं गुमनाम रूप से स्वीकार की जाती हैं, लेकिन कृपया ध्यान दें कि कुछ कानूनी परिस्थितियों में कानून के तहत गुमनामी की गारंटी नहीं हो सकती है।

जब आपके पास सही साधन होते हैं तो कार्रवाई करना आसान हो जाता है। घर में और आपके आस-पड़ोस में आपके प्रयासों का समर्थन करने के लिए, निम्नलिखित परिशिष्टों में प्रिंट करने योग्य चेकलिस्ट और संसाधन शामिल हैं, जिनका आप पूरे वर्ष उपयोग कर सकते हैं।

ये साधन आपको व्यवस्थित रहने, अपनी प्रॉपर्टी के आसपास सुरक्षा की निगरानी करने और अपने आस-पास के लोगों के साथ मजबूत संबंध बनाने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।

ब्रैम्पटन शहर इस गाइड में सूचीबद्ध किसी भी विशिष्ट कम्युनिटी कार्यक्रमों या सेवाओं का समर्थन नहीं करता है और न ही उनके लिए कोई जिम्मेदारी स्वीकार करता है। कृपया सभी कार्यक्रमों का अपने आप मूल्यांकन करें और सुनिश्चित करें कि वे आपकी आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।



## रोजाना, साप्ताहिक और सीजनल घरेलू सुरक्षा संबंधी रिमाइंडर
अपने घर की सुरक्षा दिनचर्या को सही रखने के लिए इस चेकलिस्ट का उपयोग करें। इसे प्रिंट करें और अपने घर में कहीं दिखाई देने वाली जगह पर लगा दें।

### रोजाना रिमाइंडर:
- जब आप घर पर हों, तब भी सभी दरवाज़े और खिड़कियाँ बंद करें।
- शाम को बाहर की लाइटें चालू करें या ऑटोमैटिक टाइमर का उपयोग करें।
- प्रवेश करने वाले रास्तों और चलने वाले रास्तों को साफ रखें।
- पैकेज, टूल्स और कीमती सामानों को नजरों से दूर रखें।
- किसी भी डिलीवरी या पैकेज को तुरंत हटा लें।
- अपनी प्रॉपर्टी के आसपास देखें कि कहीं कोई असामान्य चीज़ तो नहीं है।

### सामान्य रिमाइंडर:
- दरवाज़े और खिड़कियों के तालों को टेस्ट करें।
- बाहर की लाइटें चेक करें और यदि आवश्यक हो तो बल्ब बदलें।
- बढ़ी हुई झाड़ियों या नीचे लटकी शाखाओं की छंटाई करें।
- अपनी आपातकालीन संपर्क सूची की समीक्षा करें।
- अपने घर के चारों ओर घूमें और किसी भी सुरक्षा संबंधी समस्या को नोट करें।

### सीजनल रिमाइंडर:
अपने सुरक्षा अभ्यासों को पूरा साल, इन सीजनल रिमाइंडरों के साथ समायोजित करें:

**वसंत**
- बचे हुए मलबे को हटाएँ और देखें कि बाड़ों या दरवाजों को नुकसान तो नहीं पहुंचा है।
- लाइटिंग फिक्स्चर को रिफ्रेश करें और पेड़ों व झाड़ियों से नई उगी हुई टहनियों को काट दें।
- सर्दियों के मौसम के बाद अपने घर के सुरक्षा उपायों की समीक्षा करें।

**पतझड़**
- पत्तों को इकट्ठा करें ताकि रास्तों में रुकावट न आए या छिपने की जगहें न बनें।
- शाम या अंधेरा होते ही, लाइटिंग चेक करें।
- सर्दियों की तैयारी के तौर पर ताले, गटर और कैमरों का निरीक्षण करें।

**गर्मी**
- हवा के लिए खुली होने के समय खिड़कियों को सुरक्षित रखें।
- साफ दिखने के लिए नियमित रूप से लैंडस्केपिंग का रखरखाव रखें।
- छुट्टियों के दौरान सतर्क रहें, टाइमर का उपयोग करने या किसी पड़ोसी से अपने घर पर नजर रखने के लिए कहने पर विचार करें।

**सर्दी**
- चलने वाले रास्ते, प्रवेश करने वाले रास्ते और घर के नंबरों से बर्फ साफ करते रहें।
- सुनिश्चित करें कि लाइटें बर्फ या बर्फ के टुकड़ों से ढकी न हों।
- आपातकालीन आपूर्ति और संपर्क नंबरों को अप-टू-डेट रखें।
- यदि आप छुट्टियों के दौरान घर पर नहीं होंगे, तो अपने पड़ोसियों से कहें कि उस दौरान वो आपकी डाक लेकर रख लें।





## CPTED गृह ऑडिट चेकलिस्ट

प्रॉपर्टी संबंधी अपराध मौके के अपराध होते हैं। क्राइम प्रीवेंशन थ्रू एन्वायरनमेंटल डिजाइन (सी.पी.टी.ई.डी.) (Crime Prevention Through Environmental Design) (CPTED) एक प्रमाणित तरीका है, जो भौतिक वातावरण में बदलाव करके और कम्युनिटी संबंधों को मजबूत करके, अपराध और अपराध के डर को कम करने में मदद करता है।

यह स्व-ऑडिट चेकलिस्ट समीक्षा के लिए प्रमुख क्षेत्रों को उजागर करके आपकी प्रॉपर्टी की सुरक्षा और संरक्षा का आकलन करने में आपकी सहायता करती है। संभावित जोखिमों की पहचान करके और छोटे-छोटे सुधार करके, आप अपने घर की सुरक्षा बढ़ा सकते हैं और एक सुरक्षित, अधिक स्थिर आस-पड़ोस बनाने में योगदान दे सकते हैं।

| **दिखें और दिखाई दें** | **हाँ** | **नहीं** | **लागू नहीं** |
|---|---|---|---|
| पेड़ों और झाड़ियों की इस तरह छंटाई की गई है ताकि खिड़कियों या प्रवेश करने वाली जगहों के पास छिपने की कोई जगह न हो। | | | |
| बाहरी क्षेत्रों (यार्ड, ड्राइववे, प्रवेश करने वाले रास्ते) में रात को अच्छी तरह से रोशनी होती है। | | | |
| सभी बाहरी दरवाजों के ऊपर या पास में ठीक से काम करने वाली लाइटें हैं। | | | |
| बाहर की लाइटें शाम को जलती रहती हैं, भले ही घर पर कोई न हो। | | | |
| लाइटें शाम ढलते ही अपने आप चालू होने के लिए सेट की गई हैं या टाइमर/मोशन सेंसर उपयोग किए जाते हैं। | | | |
| घर या यूनिट का नंबर स्ट्रीट से स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। | | | |

| **साफ रास्ते और सीमाएं** | **हाँ** | **नहीं** | **लागू नहीं** |
|---|---|---|---|
| स्ट्रीट या पड़ोसी घरों से सभी दरवाजे और खिड़कियां स्पष्ट दिखाई देती हैं। | | | |
| प्रवेश करने वाले रास्तों पर ठीक से काम करने वाले ताले लगे हुए हैं। | | | |
| गेट और शेड उपयोग में न होने पर बंद रखे जाते हैं। | | | |
| स्लाइडिंग दरवाज़े सुरक्षित हैं और उनमें ठीक से काम करने वाले ताले या अतिरिक्त सलाखें हैं। | | | |

| **दिखाएँ कि आप परवाह करते हैं** | **हाँ** | **नहीं** | **लागू नहीं** |
|---|---|---|---|
| मेरी प्रॉपर्टी बसी हुई और अच्छी तरह से रखरखाव की हुई लगती है। | | | |
| बाहरी क्षेत्र साफ-सुथरे हैं और वहां पर मलबा या बेकार सामान नहीं है। | | | |
| बाड़ें, दरवाजे और रास्ते अच्छी स्थिति में हैं। | | | |
| सुरक्षा के संकेत (जैसे, "सीसीटीवी (CCTV) उपयोग में") दिखाई देते हैं। | | | |

| **अपनी प्रॉपर्टी को सुरक्षित करें** | **हाँ** | **नहीं** | **लागू नहीं** |
|---|---|---|---|
| मेरी प्रॉपर्टी में अलार्म सिस्टम है। | | | |
| वाहनों को ताला लगा हुआ है और उनमें कीमती सामान नहीं हैं (भले ही गैराज में पार्क किए गए हों)। | | | |
| कीमती सामान दरवाज़ों और खिड़कियों से दूर रखा जाता है। | | | |

| **जुड़े रहें** | **हाँ** | **नहीं** | **लागू नहीं** |
|---|---|---|---|
| मैं अपने पड़ोसियों को जानता हूँ और नियमित रूप से उनसे बात करता हूँ। | | | |
| मैं एक नेबरहुड एसोसिएशन, नेटवर्क या संपर्क सूची का हिस्सा हूँ। | | | |

| **नोट्स:** |
|---|
| |

**हम आपके सुझाव सुनना चाहते हैं!**
इस चेकलिस्ट को लागू करने में सहायता के लिए या परिणामों या अगले कदमों पर चर्चा करने के लिए, हम आपको अपनी कम्युनिटी सुरक्षा कॉऑर्डिनेटर से, CSWO@brampton.ca पर संपर्क करने या brampton.ca/communitysafety पर एक वर्चुअल मीटिंग बुक करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

लोकल पुलिस से जुड़ने के लिए या गैर-आपातकालीन पुलिस सहायता के लिए, 905.453.3311 पर कॉल करें या आपात स्थिति में 911 पर कॉल करें।

**अस्वीकरण:** इस गाइड में दिए गए सुझाव केवल सूचनात्मक उद्देश्यों के लिए हैं और कानूनी सलाह नहीं माने जाते हैं। ब्रैम्पटन शहर की कार्पोरेशन और इसके भागीदार, इस गाइड में दिए गए सुझावों के उपयोग से होने वाले किसी भी प्रकार के नुकसान या हानि के लिए कोई जिम्मेदारी नहीं लेते हैं।



# अपने पड़ोसियों से जुड़े रहने के लिए, इस फोन ट्री का उपयोग करें।

संपर्क विवरण आसानी से उपलब्ध होने से ज़रूरत पड़ने पर, संपर्क करना आसान हो जाता है, चाहे सुरक्षा संबंधी चिंता हो या सिर्फ हाल-चाल जानने के लिए। अपने आसपास के पड़ोसियों के नाम, पते और फोन नंबर भरें, ताकि आप हाल-चाल जान सकें, महत्वपूर्ण अपडेट साझा कर सकें या ज़रूरत पड़ने पर सहायता की पेशकश कर सकें। इसे अपने घर में किसी दिखाई देने वाली जगह पर लगाएं और अपडेट करते रहें।

| | | |
|---|---|---|
| पड़ोसी:<br>पता:<br>फ़ोन नंबर: | पड़ोसी:<br>पता:<br>फ़ोन नंबर: | पड़ोसी:<br>पता:<br>फ़ोन नंबर: |
| पड़ोसी:<br>पता:<br>फ़ोन नंबर: | **मैं यहाँ रहता हूँ।** | पड़ोसी:<br>पता:<br>फ़ोन नंबर: |
| पड़ोसी:<br>पता:<br>फ़ोन नंबर: | पड़ोसी:<br>पता:<br>फ़ोन नंबर: | पड़ोसी:<br>पता:<br>फ़ोन नंबर: |



# आपातकालीन संपर्क

**इस पृष्ठ का उपयोग अपने आपातकालीन संपर्कों के बारे में जानकारी भरने के लिए करें।**

## मेरे बारे में

नाम:

पता:

फ़ोन नंबर:

एलर्जी:

## आपातकालीन संपर्क:

नाम:

रिश्ता:

फोन नंबर:

पता:

नाम:

रिश्ता:

फोन नंबर:

पता:

नाम:

रिश्ता:

फोन नंबर:

पता:



# आपातकालीन संपर्क

**इस पृष्ठ का उपयोग अपने आपातकालीन संपर्कों के बारे में जानकारी भरने के लिए करें।**

## मेरे बारे में

नामः ______________________

पताः ______________________

फ़ोन नंबरः ______________________

एलर्जीः ______________________

## आपातकालीन संपर्कः

नामः ______________________

रिश्ताः ______________________

फोन नंबरः ______________________

पताः ______________________

नामः ______________________

रिश्ताः ______________________

फोन नंबरः ______________________

पताः ______________________

नामः ______________________

रिश्ताः ______________________

फोन नंबरः ______________________

पताः ______________________



# महत्वपूर्ण फ़ोन नंबर

**तत्काल खतरे, हो रहे अपराध या आपात स्थिति के लिए 9-1-1 डायल करें।**

| | |
|---|---|
| **ब्रैम्पटन शहर:** | 3-1-1<br>905.874.2000 (शहर की सीमाओं के बाहर) |
| **ब्रैम्पटन सिविक अस्पताल (Brampton Civic Hospital):** | 905.494.2120 |
| **ब्रैम्पटन फायर (Brampton Fire) (गैर-आपातकालीन):** | 905-874-2700 |
| **हेल्थ कनेक्ट ओन्टैरियो (Health Connect Ontario)** | 24/7 सहायता के लिए 8-1-1 डायल करें |
| **ओन्टैरियो पॉयजन सेंटर (Ontario Poison Centre):** | 1.844.764.7669 (1-844-POISON-X) |
| **पील क्राइम स्टॉपर्ज (Peel Crime Stoppers):** | 1.800.222.TIPS (8477) |
| **पील मेमोरियल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड हेल्थ एंड वेलनेस (Peel Memorial Centre for Integrated Health and Wellness):** | 905.494.2120 |
| **पील आउटरीच स्ट्रीट हेल्पलाइन (Peel Outreach Street Helpline):** | 1.877.848.8481 |
| **पील रीजनल पुलिस (Peel Regional Police) (गैर-आपातकालीन):** | 905.453.3311 |
| **रीजन ऑफ पील (Region of Peel):** | 905.791.7800 |
| **आत्महत्या संकट हेल्पलाइन (Suicide Crisis Helpline):** | 24/7 सहायता के लिए 9-8-8 डायल करें |
| **पील की पीड़ित सेवाएँ (Victim Services of Peel):** | 905.568.1068 |
| **211 सेंट्रल (211 Central):** | ओन्टैरियो में लोकल कम्युनिटी, सामाजिक, स्वास्थ्य और सरकारी सेवाओं के लिए 2-1-1 डायल करें। |



# सरकार की जिम्मेदारियाँ

**ब्रैम्पटन शहर निवासियों को सेवाएँ प्रदान करने वाले चार सरकारी लेवल्स में से एक है। प्रत्येक सरकारी लेवल द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में जानने के लिए, नीचे दी गई सूची देखें।**

## लोकल म्युनिसिपल्टी सरकार

**(ब्रैम्पटन शहर)**
ब्रैम्पटन शहर की जिम्मेदारियाँ

- कला, संस्कृति और टूरिज्म
- बाइ-लॉ एन्फोर्समेंट
- आर्थिक विकास
- आग बुझाने वाली और आपातकालीन सेवाएँ
- लोकल सड़कें
- पार्क और मनोरंजन
- प्रोविंसियल अपराध प्रशासन
- नए कम्युनिटी विकास की योजना बनाना और मौजूदा आस-पड़ोसों का विस्तार करना
- पब्लिक ट्रांजिट
- बर्फ हटाना
- टैक्स कलेक्शन

## लोकल रीजनल सरकार

**(रीजन ऑफ पील)**
रीजन ऑफ पील की जिम्मेदारियाँ

- एम्बुलेंस सेवाएँ
- आवास सेवाएँ
- पुलिस सेवाएँ
- पब्लिक स्वास्थ्य
- रीजनल सड़कें
- सामाजिक सेवाएँ
- कचरा संग्रहण और रिसाइकलिंग
- जल और अपशिष्ट जल

## प्रोविंसियल सरकार

**(ओन्टैरियो प्रांत)**
ओन्टैरियो प्रांत की जिम्मेदारियाँ

- न्याय प्रशासन
- संस्कृति और टूरिज्म
- शिक्षा, जिसमें उच्चतर माध्यमिक संस्थान शामिल हैं
- हाईवे
- अस्पताल
- प्राकृतिक संसाधन और पर्यावरण
- जेलें
- ओनटैरियो में प्रॉपर्टी और नागरिक अधिकार
- सामाजिक सेवाएँ

## फेडरल सरकार

**(कनाडा सरकार)**
कनाडा सरकार की जिम्मेदारियाँ

- जनगणना
- नागरिकता
- कॉपीराइट
- आपराधिक कानून
- रोज़गार बीमा
- विदेश नीति
- धन और बैंकिंग
- राष्ट्रीय रक्षा
- पोस्ट ऑफिस
- व्यापार और कॉमर्स नियमन

# हमसे संपर्क करें

ब्रैम्पटन शहर के कम्युनिटी सेफ्टी एंड वेल-बीइंग ऑफिस के बारे में अधिक जानने के लिए, **brampton.ca/communitysafety** पर जाएँ।



## शब्द खोज

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| J | U | T | S | X | X | J | M | X | S | N | L | W | S | T | G | X | L | T | D |
| A | W | P | I | Y | K | N | T | V | E | E | Z | K | A | D | K | Y | N | H | Y |
| C | E | J | K | M | N | Z | V | I | V | X | T | T | F | Y | E | R | O | N | A |
| W | R | N | K | H | G | P | G | E | Q | F | R | C | E | Q | L | S | V | Q | Q |
| E | B | I | K | J | K | H | N | W | P | K | H | O | T | H | H | Z | O | X | Y |
| L | Z | C | M | Q | B | T | T | R | U | S | T | N | Y | A | O | L | X | O | O |
| C | V | A | R | O | S | Z | C | O | E | S | X | N | R | H | I | J | R | E | E |
| O | Y | I | U | K | H | J | Y | L | C | V | N | E | H | G | C | U | E | I | B |
| M | R | R | S | C | L | E | A | N | U | P | D | C | H | H | G | N | N | S | Z |
| E | R | R | K | I | N | B | V | O | O | S | P | T | B | W | J | O | C | R | J |
| S | O | J | A | D | B | W | D | E | O | V | I | I | I | K | J | O | Z | E | A |
| Y | Y | J | L | L | E | I | X | E | F | N | C | O | R | I | M | H | N | S | R |
| V | U | A | X | Q | V | G | L | X | G | L | S | N | G | M | A | V | K | I | Q |
| R | B | O | U | N | D | A | R | I | E | S | E | D | U | C | W | F | U | L | U |
| T | B | M | Y | H | Q | V | M | E | T | P | Y | N | P | N | U | C | J | I | M |
| M | P | R | O | P | E | R | T | Y | R | Y | I | T | A | O | O | J | T | E | I |
| A | W | A | R | E | N | E | S | S | P | T | E | B | S | B | B | Y | Y | N | J |
| T | O | G | E | T | H | E | R | K | Y | D | U | A | P | K | M | M | S | T | P |
| V | P | W | C | S | U | R | V | E | I | L | L | A | N | C | E | I | R | O | A |
| S | S | K | K | G | A | T | H | E | R | I | N | G | K | P | V | U | W | J | R |

Community
Connection
Visibility
Lighting
Neighbour

Gathering
Cleanup
Property
Safety
Trust

Boundaries
Welcome
Resilient
Shared
Events

Surveillance
Awareness
Together



# रंग भरने का पृष्ठ



**CSWO वेबसाइट पर प्रदर्शित होने के अवसर के लिए, अपना रंग भरने वाला पृष्ठ, CSWO@brampton.ca पर जमा करें।**




**कम्युनिटी सेफ्टी एंड वेल-बीइंग ऑफिस**

2 वेलिंगटन स्ट्रीट वेस्ट, ब्रैम्पटन, ON L6Y 4R2
(2 Wellington Street West
Brampton, ON L6Y 4R2)

CSWO@brampton.ca
www.brampton.ca/communitysafety


अनुरोध पर वैकल्पिक फॉर्मेट उपलब्ध हैं।
अनुरोध करने के लिए, accessibility@brampton.ca पर ईमेल करें।

COMMUNITY SAFETY
& WELL-BEING

BRAMPTON


25-3032